# हरिद्वार में अर्ध कुम्भ - 2016

प्रिय आत्मन,

हमें आपको यह सूचित करते हुए हर्ष होता है कि हरिद्वार, दिल्ली और देहरादून के योगदा भक्तगण हरिद्वार में 2016 के अर्ध कुम्भ मेले में एक कैंप का आयोजन कर रहे हैं। यह कैंप 6 मार्च से 16 अप्रैल 2016 तक लगेगा। इस अवधि में मुख्य स्नान की तिथियाँ जैसे 7 मार्च (महाशिव रात्रि), 11 मार्च (अमृत सिद्धयोग), 14 मार्च (मीन संक्रांति),19 मार्च (अमल की एकादशी), 23 मार्च (पुर्णिमा), 24 मार्च (होली), 28 मार्च (श्री रंग पंचमी), 3 अप्रैल (पाप मोचनी एकादशी), 7 अप्रैल (चैत्र अमावस), 8 अप्रैल (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा), 14 अप्रैल (मेष संक्रांति), 15 अप्रैल (रामनवमी) पड़ रही हैं।

जो भक्तगण इस कैंप में ठहरना चाहते हैं, वे कृपया इस पत्र के साथ लगे पंजीकरण फार्म को आगमन से कम-से-कम एक माह पूर्व पंजीकरण राशि के साथ निम्नलिखित पते पर भेज दें। फोन अथवा ईमेल पर पंजीकरण नहीं किया जाएगा।

**योगदा सत्संग शाखा आश्रम,**
**परमहंस योगानन्द पथ**
**बी-4, सेक्ट-62,**
**नोएडा-201307, उत्तर प्रदेश**
**फोन न.- 0120-2400670, 2400671, 2401669-76 (8 नंबर)**
**ईमेल-** noidaashram@yssi.org

मेल के द्वारा पंजीकरण फार्म भर कर भेजने से पहले कृपया इसके साथ दिये गए निर्देशों को पढ़ लें। कृपया अपने ठहरने की तिथियाँ स्पष्ट रूप से लिखें ताकि उपलब्ध आवास के आधार पर आपके ठहरने की व्यवस्था की जा सके। आपके आवास की पुष्टि एस एम एस / ईमेल/ पत्र के माध्यम से कर दी जाएगी, जिसे आपको कुम्भ मेले के कैंप में प्रवेश के समय प्रस्तुत करना होगा।

कुम्भ कैंप में केवल 5 दिन ठहर सकते हैं (जिसमे आने व जाने के दिन भी सम्मिलित होंगे) ताकि कैंप की सीमित सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक भक्त उठा सकें और इस प्रकार अपनी पावन स्नान की प्रथा को निभाने का आनंद उठा सकें। कैंप में रहने की व्यवस्था केवल योगदा भक्तों व उनके परिवारजनों के लिए है।

कैंप में आवास व्यवस्था कुशा बिछे हुए तंबुओं में की जाएगी, अतः भक्तों से अनुरोध है कि वे अपने साथ कंबल और चादर लेकर आयें। हरिद्वार में ठंड होने के कारण गरम कपड़ों की आवश्यकता पड़ेगी।

भक्तों से अनुरोध है कि वे अपने वापसी के टिकिट स्वयं बुक करवाएँ।

गुरुदेव कहते हैः "सबसे अधिक बुद्धिमान व्यक्ति वह है जो ईश्वर को खोजता है, और सबसे अधिक सफल व्यक्ति वह है जिसने ईश्वर को पा लिया है।"

दिव्य मित्रता में,

योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया।

## आवश्यक निर्देश

1० **पंजीकरण :** अपना नाम पंजीकृत कराने के लिए, प्रति व्यक्ति 600 रुपए की राशि के साथ कृपया संलग्न पंजीकरण फार्म भरें। यह राशि वापिस नहीं की जाएगी। राशि का भुगतान डिमांड ड्राफ्ट, चैक, अथवा नकद भी किया जा सकता है। अगर आप भुगतान डिमांड ड्राफ्ट या चैक से करना चाहें, तो इसे Yogoda Satsanga Society of India के नाम में बनवाएँ ।

**कृपया ध्यान रखें कि आपका पंजीकरण फार्म आपके आगमन तिथि से एक माह पूर्व पहुँच जाना चाहिए।**

**2. भोजन :** हालाँकि भोजन निःशुल्क प्रदान किया जाएगा, इसकी व्यवस्था के लिए भक्तों द्वारा दान राशि अपेक्षित है।

**3. आवास सुविधा :** आवास सुविधा केवल पाँच दिन के लिए दी जाएगी जिसमें आने व जाने के दिन भी सम्मिलित हैं। पंजीकरण फार्म व राशि भेजने पर आवास की बुकिंग "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर की जाएगी। आपको आवास सुविधा प्रदान करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

हम आपको फिर से बताना चाहते हैं कि कैंप में आवास व्यवस्था कुशा बिछे हुए तंबुओं में की जाएगी। मौसम ठंडा हो सकता है, अतः भक्तों से अनुरोध है कि वे अपने साथ कंबल और चादर, टोपी, जुराबें आदि गरम कपड़े लेकर आयें। **कैंप में अपने वास को और अधिक सुखद बनाने हेतु अपने व्यक्तिगत इस्तेमाल की वस्तुएँ जैसे मच्छरों से बचने की क्रीम, टॉर्च, ध्यान के लिए आसन आदि लाना लाभकारी होगा।**

**4. वालेंटीयर्स:** कैंप को चलाने के लिए वालेंटीयर्स की आवश्यकता है। वालेंटीयर्स को सेवा के लिए कम से कम दस दिन के लिए कैंप में ठहरना होगा। वे भिन्न क्षेत्रों में सेवा दे सकते हैं जैसे - रसोई, बुक स्टॉल, आवास व्यवस्था, अशरिंग (भक्तों को दिशा निर्देश करना), कैंप का रख-रखाव, मेडिकल कैंप (एलोपेथी, होमोपैथी), लेखा जोखा रखना (accounts), सुरक्षा, खरीददारी आदि। सेवा के इच्छुक भक्त पंजीकरण फार्म में ही इसकी सूचना दे दें।

5० सभी भक्त व वालेंटीयर्स कृपया, आश्रम से प्राप्त पुष्टीकरण का एस.एम.एस/ ईमेल/ प्रपत्र अपने साथ लेकर आयें।

---

## हरिद्वार में 2016 में लगने वाले अर्ध-कुम्भ मेले के लिए पंजीकरण फार्म

कृपया सभी विवरण भरकर इस फार्म को **योगदा सत्संग शाखा आश्रम, परमहंस योगानन्द पथ, बी-4, सेक्ट-62, नोएडा-201307, उत्तर प्रदेश** पर भेज दें।

| नाम व पाठमाला पंजीकरण संख्या | आयु व लिंग | संबंध | वालेंटीयरशिप (हाँ/नहीं) (कृपया अपना अनुभव क्षेत्र लिखें) |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |
| 4. | | | |

आप किस अवधि मै आना चाहते हैं (उपलब्ध आवास के आधार पर तिथियों की पुष्टि कर दी जाएगी) :

प्रथम विकल्प :-------- से ----------- तक ; द्वितीय विकल्प : -------- से ----------- तक

तृतीय विकल्प :-------- से ----------- तक

मैं ---------------- रुपए पंजीकरण धन राशि के रूप में चेक/डी डी (नंबर) --------------------------

बैंक का नाम -------------------------------------------------- द्वारा भेज रहा/रही हूँ।

दिनांक ----------------------

हस्ताक्षर ------------------------

घर का पता ----------------------------------------------------------------------------------------------------------

फोन न० ------------------------ ईमेल ---------------------------------------------------------------